SBEC SYSTEMS
(INDIA) LIMITED
Sugar Bio-Energy & Control Systems

**18.05.2021**

**To,**

**The Manager**
**The Bombay Stock Exchange Limited**
**25th Floor, P.J. Towers,**
**Dalal Street**
**Mumbai-400001**

**Subject: Publication of Audited Financial Results for quarter and year ended 31st March 2021**

**Stock Code: 517360**

Dear Sir

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copy of the Audited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the quarter and year ended on **31st March, 2021** published in Financial Express (English) and in Hari Bhoomi (Hindi) on **18th May, 2021.**

Kindly take the above documents on your records.

Thanking You,

Yours Faithfully

**For SBEC Systems (India) Limited**

**Priyanka Negi**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl: As Above**

CIN No. : L74210DL1987PLC029979
Regd. Office : 1400, Modi Tower, 98 Nehru Place, New Delhi - 110019, Tel.: 42504878, 42504842, Fax : 26293822
E-mail : sbecsystems@rediffmail.com

## खबर संक्षेप

### दिल्ली जलबोर्ड लगाएगी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

**नई दिल्ली।** आगामी मानसून को देखते हुए दिल्ली जलबोर्ड (डीजेबी)भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न जगहों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की योजना बना रही है। इसके लिए डीजेबी ने बकायदा लोगों से अपील की है कि वह ऐसे क्षेत्रों की पहचान बताएं जहां हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा सके। इस बारे में डीजेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में मानसून आने वाला है। ऐसे में अगर हम मिलकर बरसात के पानी को जमीन में भेज सके तो इससे जलस्तर बढ़ने में मदद मिलती है। इसके लिए बोर्ड विभिन्न सोसाईटी, बड़े संस्थानों सहित उन लोगों से संपर्क करना चाहता है जो हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवा सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई जा रही है जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। बता दें कि दिल्ली में हर साल मानसून के दौरान जगह जगह पानी भर जाता है। ऐसे में अगर अधिकांश जगहों पर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा दिए जाए तो बारिश के पानी का उपयोग भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के काम आ सकता है।

### सुशील पहलवान की गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम घोषित

**नई दिल्ली।** पहलवान सागर मर्डर केस में आरोपी और दो बार के ओलंपिक मेडल विजेता सुशील पहलवान के ऊपर दल्लिी पुलिस ने 1 लाख का इनाम रखा है। जबकि उसके दूसरे फरार साथी अजय के ऊपर 50000 का इनाम घोषित किया गया है। छत्रसाल स्टेडियम में मर्डर के आरोपी सुशील पहलवान और अजय समेत 10 से ज्यादा आरोपी फरार है। इनाम घोषित होने के बाद सुशील के सरेंडर करने की संभावना बढ़ गई है। सागर धनकड़ मर्डर केस में वांटेड ओलंपिक मेडल विजेता सुशील कुमार पुरी तरह से घिर चुका है। उसके पास अब केवल एक ही रास्ता बचा है कि वह पुलिस के सामने सरेंडर कर दे। क्योंकि उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट से लेकर लुकआउट सर्कुलर तक जारी हो चुका है। पुलिस सूत्रों का कहना है इसकी तलाश में दल्लिीए हरियाणा और उत्तराखंड में अब भी रेड जारी है। उसके परिवार के लोगों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है कि वह जांच में सहयोग करने के लिए सरेंडर कर दे।

# चोरी के शक में युवक की पीट-पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमन विहार थाना इलाके में एक युवक की चोरी के शक में पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम सलमान (22) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को पकड़ लिया है।

पकड़े गए आरोपी का नाम होती लाल है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बलबीर नगर में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता नसीरुद्दीन, मां व अन्य सदस्य है। नसीरुद्दीन ने बताया कि रविवार शाम करीब पांच बजे उनका बेटा सुल्तानपुरी के एच ब्लॉक स्थित होती लाल की परचून की दुकान से सामान लेने गया था। इसी दौरान होती लाल व उसके परिजनों ने सलमान पर दुकान से मोटर चोरी करने का आरोप लगया।

आरोप लगाने के बाद होती लाल व उसके परिजनों ने सलमान पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। सलमान के अधमरा होने के बाद वह मौके से भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रात करीब 9:15 बजे पुलिस को मामले की जानकारी मिली।

**खास बातें**

- मृतक पर दुकान की मोटर चोरी करने का लगाया था आरोप
- सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है पुलिस



**दुकान बंद कर भागे दुकानदार**

मामले की सूचना पुलिस को मिलने के बाद दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर वहां से भाग गए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात में और कौन-कौन लोग शामिल है।

## 100 रुपये के लिए युवक को उतारा था मौत के घाट, अरेस्ट

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने 100 रुपये को लेकर हुए विवाद में अजीत की हत्या में फरार चल रहे आरोपी को छह घंटे के अंदर पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम जितेंद्र है। मामले में पुलिस आरोपी जितेंद्र की पत्नी रेशमा को पहले की गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस की माने तो आरोपी जितेंद्र मंगोलपुरी थाना इलाके का घोषित बदमाश है और उस पर 17 मामले दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (रोहिणी) प्रणव तयाल ने बताया कि रविवार देर रात स्पेशल स्टाफ टीम में तैनात हेड कांस्टेबल की सूचना मिली। आउटर जिले के राजपार्क थाना इलाके में एक युवक की हत्या मामले में फरार चल रहे आरोपी भागने की कोशिश कर रहा है। समय रहते उसे पकड़ा जा सकता है। आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को खून से सने कपड़ों के साथ ही दबोच लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी पर हत्या, स्नैचिंग, लूट रॉबरी, चोरी, रंगदारी आर्म्स एक्ट के 17 मामले दर्ज है।

- पत्नी के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम
- आरोपी की पत्नी को पहले ही पकड़ चुकी है पुलिस



## नरसिंहानंद सरस्वती की हत्या की साजिश का खुलासा

# जैश ए मोहम्मद का आतंकी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती की हत्या की साजिश रचने वाले आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसका संबंध जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन से बताया गया है। कश्मीर का रहने वाला मोहम्मद डार उर्फ जहांगीर साधु के वेश में इस हत्या को अंजाम देने वाला था। इसके पास से एक पिस्टल दो मैगजीन, 15 कारतूस, भगवा रंग का कुर्ता और पूजा में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद हुआ है। आरोपी जम्मू कश्मीर में 2016 में स्टोन पेंटिंग के आरोप में अनंतनाग में गिरफ्तार भी हो चुका है।

आतंकी बुरहान वानी के एनकाउंटर के बाद सेना के जवानों पर पथराव करने के आरोप में यह पकड़ा गया था। आतंकी ने पूछताछ में खुलासा किया है कि जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकी आबिद से उसकी मुलाकात हुई थी। उसी ने स्वामी की हत्या साधु की वेशभूषा में अंजाम देने का टास्क इसे दिया था। आबिद ने इसे कश्मीर में पिस्टल चलाने की ट्रेनिंग भी दी थी। इसके बाद आरोपी दिल्ली आया जहां उमर नाम के शख्स ने इसे हथियार मुहैया करवाएं। जॉन मोहम्मद डार दिसंबर 2020 में पुलवामा में सेब के बागान में पाकिस्तानी आतंकी आबिद से पहली मुलाकात हुई थी। दोनों व्हाट्सएप पर लगातार संपर्क में थे।

आबिद में अप्रैल के आखिरी हफ्ते में जॉन को अनंतनाग बुलाया और कहा कि वह दिल्ली जाकर स्वामी की हत्या कर दे। आतंकवादी ने बाकायदा स्वामी का वीडियो भी इसे दिखाया था। आबिद ने काम हो जाने के बाद अच्छे पैसे देने का वादा भी किया था। 23 अप्रैल को आरोपी डार दिल्ली के लिए निकला। दिल्ली निकलने से पहले इसके जम्मू कश्मीर के बैंक अकाउंट में 35000 रुपए भी भेजे गए थे। इसके बाद डार दिल्ली में उमर से मिला उमर ने ही डार को हथियार मुहैया करवाए।

उसी ने पहाड़गंज के शिवा होटल में इसके लिए कमरा बुक किया था। बता दें कि यति नरसिंहानंद ने इस्लामिक धर्मगुरु के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिसके बाद से मुस्लिम समुदाय गुस्से में था। दिल्ली पुलिस ने स्वामी के खिलाफ एफ आई आर भी दर्ज की थी।

**खास बातें**

- कश्मीर का रहने वाला आतंकी जॉन मोहम्मद डार पहाड़गंज के होटल से गिरफ्तार
- साधु के वेश में हत्या की थी प्लानिंग



## अलग-अलग मामलों में दो नाबालिग समेत पांच दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डाबड़ी पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में शामिल एक नाबालिग आरोपी को पकड़ा है। इसके पास से एक देसी कट्टा और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार 14 मई को डाबरी थाना इलाके के इंडो चाइनीस रेस्टोरेंट के सामने सूद प्लाजा महावीर एनक्लेव में फायरिंग की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो शिकायतकर्ता विनोद ने बताया कि उनके दोस्त साहिल ने हुक्के की डिमांड की थी। उसके बाद जैसे ही वह रेस्टोरेंट के सामने पहुंचे कुछ लड़के हथियार के साथ वहां मौजूद थे। हुक्के को लेकर उनकी आपस में बहस हुई और एक युवक ने उस पर गोली चला दी। विनोद नीचे बैठ गया लेकिन गोली पास से जा रही शकुंतला (65) नामक महिला के सिर्फ में जा लगी। इस संबंध में पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। पेट्रोलिंग कर रही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और 17 वर्षीय नाबालिक को मौके पर ही दबोच लिया।

इसके अन्य साथी मौके से फरार होने में सफल रहे थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है। उधर साउथ ईस्ट जिले की बदरपुर पुलिस ने भी एक नाबालिग समेत दो लुटेरों को पकड़ा है। एक आरोपी का नाम असर सिंह बताया गया है। इनके पास से राहगीर से लूटे गए दो मोबाइल फोन भी बरामद हो गए हैं। 13 मई को रजनीश तिवारी नामक शख्स ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदने जा रहा था। इसी बीच दो युवकों ने उसे रोका और उससे सोने की अंगूठी और दो मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली और पता लगाया कि आरोपी बुध विहार इलाके में रह रहे हैं। एक आरोपी की पहचान असर सिंह 21 वर्ष के तौर पर हुई जबकि दूसरा नाबालिक पाया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह शराब और अन्य नशों के आदि है। कमाई का कोई साधन न होने के कारण नशे की जरूरत पूरा करने के इरादे से इस लूटपाट को अंजाम दिया था।



**12 मई को बस स्टैंड पर खड़ी लड़की का लूटा था फोन**

उधर पश्चिमी जिले की मोती नगर पुलिस ने भी एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इसने 12 मई को एक 20 साल की लड़की जो कि बस स्टैंड पर खड़ी थी उसका मोबाइल फोन लूट लिया था। इस वारदात में एक अन्य बदमाश भी शामिल था। दोनों बदमाश स्कूटी पर सवार होकर आए थे। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रामपुरा निवासी पिंटू उर्फ पीके बताया गया है। इसके पास से लूटा गया फोन, एक चोरी की स्कूटी और चाकू बरामद हुआ है। कीर्ति नगर पुलिस ने भी एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। इसका नाम कीर्ति नगर निवासी 26 वर्षीय संचित पता चला है। आरोपी के पास से एक लूटा गया फोन बरामद हुआ है। इससे पहले भी यह बदमाश दो मामलों में शामिल रहा है।

## रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वाले दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आगरा से दिल्ली आकर बेचते थे इंजेक्शन

ईस्ट जिला पुलिस ने रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के नाम मनीष और आशा राम है। दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के आगरा का रहने वाले हैं। पुलिस की माने तो आरोपी 40 हजार रुपये का एक इंजेक्शन बेच रहे थे। वह आगरा से इंजेक्शन लाकर दिल्ली में बेचते थे। पुलिस ने इनके पास से 12 इंजेक्शन और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली कार बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (ईस्ट) दीपक यादव ने बताया कि पीड़ित को अपने एक जानकार के लिए रेमडेसिविर इंजेक्शन चाहिए था, इंजेक्शन के लिए उनका संपर्क किसी ने मनीष से करवाया। मनीष ने एक इंजेक्शन के लिए 40 हजार रुपये मांगे। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी।


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 40 साल, **कदः** 5'7'', **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **शेवः** क्लीन शेव, **पहचान चिन्हः** दाएं हाथ पर औम टैटू का निशान, बाएं हाथ की अंगूठी वाली उंगली कटी हुई, **बरामदी स्थलः** जो दिनांक 11.05.2021 को बवाना नहर में विघटित अवस्था में मृत मिला।

इस सम्बंध में **DD No. 19-A, दिनांक 11.05.2021 पुलिस स्टेशन, बवाना, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशन, बवाना, दिल्ली**
**फोनः 011-27752534**

**DP/1029/ON/2021**

## गुमशुदा की तलाश



**सुप्रिया सीमा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **सुप्रिया सीमा**, पुत्रीः **निजाकत अली**, पताः म.नं. डी–826, जे.जे. कालोनी, बवाना, दिल्ली, जोकि दिनांक **21.04.2021** को प्रातः **9:30** बजे से अपने निवास से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में **DD. No. 65-A, Dated 14.04.2021** पुलिस थाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र, बाहरी उत्तर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:

नामः सुप्रिया सीमा, उम्रः 18 वर्ष, कदः 5'5'', चेहराः लम्बा, रंगः सांवला, पहनावाः पीला सूट एवं हरे रंग की पजामी, महिला चप्पल पैरों में

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, बाहरी उत्तर, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638 / 24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र, बाहरी उत्तर, दिल्ली
फोनः 011-27787592, 7065036324

DP/1023/ON/2021


## आईआईटी के गार्ड को बंधक बनाकर लूटने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ और किशनगढ़ थाने की संयुक्त टीम ने लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद हुआ है। आरोपियों के नाम योगेंद्र, मनीष सिसोदिया और श्री भगवान बताए गए हैं। हाल ही में इन्होंने आईआईटी के सिक्योरिटी गार्ड से लूटपाट की थी। डीसीपी इंगित प्रताप सिंह ने बताया कि आईआईटी के गार्ड हरिदत्त ने शिकायत दी थी कि वह पंप हाउस पर ड्यूटी दे रहा था। इसी दौरान तीन युवक वहां पहुंचे और उसके हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद बदमाशों ने पांच हजार रुपए नगदी, कुछ कागजात और उसका मोबाइल फोन लूट लिया था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कुछ समय पहले भी अभिषेक नाम के एक दूसरे कार्ड से इसी प्रकार लूटपाट की गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इसकी निशानदेही पर बाकी दो आरोपी भी हत्थे चढ़ गए। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि तीनों संगम विहार इलाके में रहते थे और कंस्ट्रक्शन साइट पर कई जगह कॉपर वायर आदि की लूट में शामिल रहे हैं। मुख्य आरोपी योगेंद्र 4 मामलों में शामिल पाया गया है। पुलिस इनके अन्य साथियों के बारे में भी पता चला है। उनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

- आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन किया बरामद



## नवादा हाउसिंग कॉम्पलेक्स में लगी आग

**नई दिल्ली।** द्वारका मोड स्थित नवादा हाउसिंग कॉम्पलेक्स स्थित एक मकान में बीती देर रात भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी देर रात करीब 1:24 बजे दमकल विभाग और पुलिस को दी गई थी। आग ने देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया था। सूचना मिलने पर छह दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इमारत में रहने वाले एक ही परिवार के पांच सदस्यों को बाहर निकाला। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। आग की चपेट में आने से दो कार और दो दोपहिया वाहन जल का खाक हो गए। आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। माना जा रहा है कि आग सॉट-सर्किट की वजह से लगी थी।

### आरोपी ने बहन के साथ मिलकर की ठगी

# अस्पताल में भर्ती करवाने के नाम पर मांगे पांच लाख रुपये, एम्स का कर्मचारी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी नॉर्थ थाना पुलिस ने सफदरजंग अस्पताल में कोरोना संक्रमित एक महिला को भर्ती कराने के नाम पर रुपये ठगने वाले एम्स के एक कर्मचारी समेत दो लोगों को पकड़ा है। आरोपी पीड़िता के परिवार से पांच लाख रुपये मांग रहा था। पड़के गए आरोपी बहन-भाई है। आरोपियों में पंकज कुमार और उसकी बहन राम कवलप्रीत कौर उर्फ ममता है। पुलिस की माने तो पीड़ित परिवार ने आरोपी के बताए खाते में दो लाख आठ हजार रुपए जमा भी करा दिए थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (रोहिणी) प्रणव तयाल ने बताया कि बीते दिनों पीएचक्यू सेल को हरिपाल नामक एक शख्स ने फोन कर शिकायत की थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी कोरोना से संक्रमित हैं। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाने के लिए उन से पांच लाख रुपए की मांग की गई थी।

इस पर उन्होंने आरोपी के खाते में दो लाख आठ हजार रूपए ही दिए थे, लेकिन जब वे सफदरजंग अस्पताल पहुंचे तो आरोपी उन्हें दरवाजा पर छोड़कर फरार हो गया। हरिपाल ने भूषण कुमार और सुनील कुमार को रूपए देने जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी भूषण ने बताया कि वह हरिपाल के रिश्तेदार रविंद्र पाल सिंह के जरिए इस परिवार को जानता है।

रविंद्र पाल ने भूषण से ऑक्सीजन के खाली सिलेंडर की मांग की थी। भूषण का वेल्डिंग का काम है। भूषण ने उनकी मदद भी मानवता के आधार पर की थी।

**खास बातें**

- सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराने की हुई थी बात
- पीड़ित ने आरोपी के खाते में डाले दो लाख रुपये



**पहले मांगे थे पांच लाख**

आगे आरोपी ने बताया कि रविंद्र पाल ने उसकी बहन, जोकि हरिपाल की पत्नी हैं। हालत काफी खराब हो गई है किसी अस्पताल में भर्ती करवा सकता है। भूषण ने कहा कि उसका एक जानकार पंकज कुमार एम्स की लैब में काम करता है। उन्होंने पंकज से संपर्क किया। पंकज ने कहा कि फिलहाल भर्ती करवाना संभव नहीं है। पर यदि कुछ पैसे खर्च किया जा तो भर्ती करवाया जा सकता है। भूषण ने बताया कि पंकज पांच लाख रुपए की मांग कर रहा है। इस पर हरिपाल के बेटे ने दो लाख आठ हजार रुपए ममता के नंबर पर भेज दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।


## एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लि.

पंजी. कार्यालय : 1400, मोदी टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
CIN :L74210DL1987PLC029979 | Tel.: +91-11-42504842 | E -Mail : sbecsystems@rediffmail.com, Website : www.sbecsystems.com

**31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2021 | 31.12.2020 | 31.03.2020 | 31.03.2021 | 31.03.2020 | 31.03.2021 | 31.12.2020 | 31.03.2020 | 31.03.2021 | 31.03.2020 |
| | | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | (1.01) | 5.47 | 0.38 | 22.83 | 1.56 | (1.01) | 5.47 | 0.38 | 22.83 | 1.56 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (6.54) | 0.54 | (46.18) | (3.62) | (97.62) | (6.54) | 0.54 | (46.18) | (3.62) | (97.62) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (6.54) | 0.54 | (50.06) | (3.62) | (111.71) | (6.54) | 0.54 | (50.06) | (3.62) | (111.71) |
| 4 | कर के बाद अवधि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (6.54) | 0.54 | (51.91) | (3.62) | (113.56) | (6.54) | 0.54 | (51.91) | (3.62) | (113.56) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (6.54) | 0.54 | (51.91) | (3.62) | (113.56) | (6.54) | 0.54 | (51.91) | (3.62) | (113.56) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1000.00 | 1,000.00 | 1,000.00 | 1,000.00 | 1,000.00 | 1000.00 | 1,000.00 | 1,000.00 | 1,000.00 | 1,000.00 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | |
| a | बेसिक | (0.07) | 0.01 | (0.52) | (0.04) | (1.14) | (0.07) | 0.01 | (0.52) | (0.04) | (1.14) |
| b | डायल्यूटेड | (0.07) | 0.01 | (0.52) | (0.04) | (1.14) | (0.07) | 0.01 | (0.52) | (0.04) | (1.14) |

टिप्पणी :–

1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 17 मई 2021 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानक (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/–
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं निदेशक
डीआईएन : 00004606

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 17.05.2021